पत्रांकः–भ0/स्था–04–विविध–02/2026........2825 (भ)......./

बिहार सरकार
भवन निर्माण विभाग

प्रेषक,

अवधेश नंदन सिन्हा
सरकार के संयुक्त सचिव,
भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता (विद्युत सहित),
सभी अधीक्षण अभियंता (विद्युत सहित),
सभी कार्यपालक अभियंता (विद्युत सहित),
भवन निर्माण विभाग, बिहार।

पटना, दिनांकः– 23/3/26

विषयः– पेंशन एवं सेवान्त लाभ के लंबित मामलों की समीक्षा हेतु मासिक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– विभागीय पत्रांक–5441 अनु0, दिनांक–19.07.2024 एवं तथा पत्रांक–10363(भ) अनु0, दिनांक–17.12.2024.

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक विभागीय पत्रों के क्रम में कहना हैं कि वित्त विभाग के स्तर पर पेंशन एवं सेवान्त लाभ के लंबित मामलों की मासिक समीक्षात्मक बैठक निर्धारित है जिसमें सभी अधीनस्थ कार्यालयों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर समेकित प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाना अपेक्षित है। परंतु पूर्व में कई बार निदेशित करने के बावजूद कतिपय कार्यालयों को छोड़कर अधिकांश कार्यालयों से प्रस्तुत मामलें से संबंधित प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हो रहे है। जिस कारण से विभाग स्तर पर समेकित समीक्षा किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है। पेंशन/सेवान्त लाभ के विभागीय नोडल पदाधिकारी द्वारा काफी गंभीरता से किया गया है। विदित हो कि विभागीय पत्रांक–8484(भ), दिनांक–10.09.2025 द्वारा प्रत्येक माह की 15 तारीख तक वांछित प्रतिवेदन निश्चित रूप से उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया है जिसका अनुपालन नहीं हो रहा है।

अतः उपर्युक्त वर्णित स्थिति में अनुरोध है कि आपके कार्यालय एवं अधीनस्थ कार्यालयों से संबंधित पेंशन एवं सेवान्त लाभ के लंबित मामलों से संबंधित प्रतिवेदन प्रत्येक माह ससमय उपलब्ध कराने का कृपा की जाए।

कृपया इसे उच्च प्राथमिकता दी जाए।

विश्वासभाजन,

20.03.26

(अवधेश नंदन सिन्हा)
सरकार के संयुक्त सचिव।